त्रिपुरारि शरण, भा०प्र०से०
Tripurari Sharan, I.A.S.
Principal Secretary

बिहार सरकार

सूचना प्रावैधिकी विभाग
Dept. of Information Technology

पत्रांक–07 / सू0प्रा0–06 / 2013......111......

पटना, दिनांक : 22/01/2015

सेवा में,

सरकार के सभी प्रधान सचिव / सचिव / विभागाध्यक्ष,
राज्य सरकार के अन्तर्गत सभी निगम के प्रबन्ध निदेशक

**विषय :–** **दिनांक 19–20 फरवरी, 2015 को पटना के होटल मौर्या में e-Bihar, 2015 के आयोजन में भाग लेने हेतु आमंत्रण–पत्र ।**

महाशय,

आपको सूचित करते हुए अपार हर्ष हो रहा है कि दिनांक 19–20 फरवरी, 2015 को पटना के होटल मौर्या में e-Bihar 2015 कार्यक्रम का आयोजन सूचना प्रावैधिकी विभाग तथा Elets Technomedia Pvt. Ltd. के सहयोग से हो रहा है। इस दो दिवसीय समारोह में सभी शासकीय क्षेत्रों, सूचना और संचार प्रौद्योगिकी उद्योग एवं समाज के मुख्य प्रतिनिधि भाग लेगें।

e-Bihar, 2015 का मुख्य उद्देश्य आई०टी० क्षेत्र के कम्पनियों के लिये बिहार राज्य को एक उभरते हुए मंच के रूप में बढ़ावा देना है। इस कार्यक्रम के दौरान राज्य सरकार के द्वारा लोगों को सेवा प्रदान करने हेतु अधिक दक्षता और पारदर्शिता लाने संबंधी विषय पर ज्ञान का आदान–प्रदान किया जायेगा ।

वर्त्तमान परिवेश में सूचना प्रौद्योगिकी की भूमिका समाज के सभी क्षेत्रों पर है तथा इस कार्यक्रम के माध्यम से सूचना प्रौद्योगिकी के सभी पहलुओं पर चर्चा की जायेगी ।

अतएव आपसे अनुरोध है कि निर्धारित कार्यक्रम में अवश्य भाग लेने की कृपा की जाय, ताकि ई.–गवर्नेंस के विषय–वस्तु पर विचारों का आदान–प्रदान किया जा सके।

- **सम्मानित अतिथि** : इस कार्यक्रम के आप सम्मानित अतिथि है तथा कार्यक्रम के दौरान ई.–शासन की एक नयी पहल पर आप अपने व्याख्यानों एवं ज्ञान का आदान–प्रदान करने में महत्वपूर्ण योगदान दे सकते हैं।
- **ई.–बिहार पर प्रदर्शनी** : यह कार्यक्रम आई०टी० के क्षेत्र में आपके विभाग, संगठन तथा राज्य सरकार के द्वारा किये गये पहल पर प्रदर्शनी लगाने हेतु एक अनूठा एवं महत्वपूर्ण अवसर भी प्रदान करेगा ।
- **ई.–गवर्नेंस पत्रिका में कवरेज** : इस कार्यक्रम के दौरान ई.–गवर्नेंस पत्रिका का एक विशेष संस्करण विमोचन किया जायेगा। इस विशेष संस्करण में आपके द्वारा ई.–गवर्नेंस के क्षेत्र में किये गये पहल को भी समाहित किया जायेगा। अतः आपसे अनुरोध है कि ई.–गवर्नेंस पत्रिका के संस्करण हेतु अपने लेख या साक्षात्कार को भी उपलब्ध कराया जाय।

इस कार्यक्रम से संबंधित विस्तृत जानकारी श्री राघवेन्द्र राजपूत के मोबाईल संख्या–9711708877 या उनके ई–मेल rrajput@elets.in के माध्यम से प्राप्त किया जा सकता है।

विश्वासभाजन,

अनु०:– कार्यक्रम की विवरणी ।

(हस्ताक्षर) 22/01/2015
**( त्रिपुरारि शरण)**
सरकार के प्रधान सचिव

Tel. :0612-2545315
Fax.:0612-2545316

Office Address: 2nd Floor, Technology Bhawan,
Bailey Road, Patna - 800015
Email: prsec_it@bihar.gov.in